हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, सोमवार, 10 मार्च 2025

12 नगरपरिषद में एक भी विकास कार्य सिरे नहीं चढ़ा...



12 हर क्षेत्र में अपना लोहा मनवा रही महिलाएं



## खबर संक्षेप

### ब्रह्मचारी महाराज की समाधि पर मेला आज

**फतेहाबाद।** गांव भिरडाना में बाबा ब्रहमचारी महाराज वेलफेयर सोसायटी द्वारा ब्रह्मचारी महाराज की समाधि स्थल पर 10 मार्च को सालाना मेला और विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है। यह जानकारी देते हुए संस्था के प्रमुख सेवादार सुखदेव कालापीला ने कहा कि हर वर्ष की तरह इस बार भी 10 मार्च को संस्था द्वारा समाधिस्थल पर जुड़े लोगों के सहयोग से विशाल मेले और भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। इस दिन सुबह सवा नौ बजे हवन यज्ञ का आयोजन किया जाएगा।

### भारी मात्रा में अफीम सहित युवक गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** एसपी आस्था मोदी के दिशा-निर्देशानुसार नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत सीआईए फतेहाबाद पुलिस ने एक युवक को भारी मात्रा में अफीम सहित गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। पकड़े गए युवक की पहचान काशीराम पुत्र ज्ञानचंद निवासी आजाद नगर फतेहाबाद के रूप में हुई है। इस बारे जानकारी देते हुए सीआईए स्टाफ फतेहाबाद के इंचार्ज इंस्पैक्टर सुरेन्द्रा ने बताया कि पुलिस टीम एएसआई बसंत सिंह के नेतृत्व में अपराधियों की धरपकड़ को लेकर गश्त पर थी।

### युवक 6 ग्राम हेरोइन सहित युवक काबू

**डबवाली।** चौटाला चौकी पुलिस ने गांव चौटाला से एक युवक को 6 ग्राम हेरोइन सहित काबू किया है। चौटाला चौकी पुलिस प्रभारी आनंद कुमार ने बताया कि वह स्वयं पुलिस टीम के साथ चौटाला में मौजूद थे। इस दौरान उन्होंने गुप्त सूचना के आधार पर युवक को साथी कर्मचारियों की सहायता से काबू करके तलाशी ली तो उसके कब्जा से 06 ग्रात हैरोइन बरामद हुई। आरोपी की पहचान संदीप पुत्र लीलू राम निवासी जवाहर कॉलोनी चौटाला के रूप में हुई।

### 5 किलो डोडापोस्त सहित दो युवक गिरफ्तार

**डबवाली।** सीआईए डबवाली पुलिस ने गश्त के दौरान गांव शेरगढ़ में भारत माला रोड पुल के नीचे से दो युवकों को 5 किलो 12 ग्राम डोडापोस्त सहित गिरफ्तार किया है। सीआईए डबवाली प्रभारी राजपाल ने बताया कि एएसआई प्रीतम सिंह पुलिस पार्टी के साथ गश्त के दौरान गांव शेरगढ में भारत माला रोड पुल के नीचे मौजूद थे। इस दौरान उन्होंने देखा कि दो युवक अपने हाथ में एक थैला प्लास्टिक लेकर खड़े थे। उहोने की बिनाह पर साथी कर्मचारियों की सहायता से दोनों को काबू कर प्लास्टिक के थैले सहित उनकी तलाशी ली तो उनके कब्जे से 5 किलो 12 ग्राम डोडापोस्त बरामद हुआ।

### घरेलू परेशानी के चलते निगला जहरीला पदार्थ

**सिरसा।** शहर के भादरा बाजार में घरेलु परेशानी के चलते एक व्यक्ति ने किसी जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया, जिससे अस्पताल में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल में पहुंचाया। जानकारी के अनुसार शहर के भादरा बाजार निवासी 40 वर्षीय विपिन बंसल पेंट की दुकान करता था। पिछले कुछ दिनों से वह परेशान था। इसी परेशानी के चलते उसने बीते दिवस किसी जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। परिजनों ने आनन-फानन में उसे अस्पताल में पहुंचाया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और पूछताछ के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल में पहुंचाया। सुबह पुलिस ने मृतक के परिजनों के बयानों के आधार पर कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया।

### सिंचाई विभाग जनस्वास्थ्य विभाग को हाथों हाथ दे रहा पाइप लगाने की अनुमति

# नहरों में पानी की बंदी के बावजूद किसी भी गांव में नहीं आएगी पेयजल की किल्लत

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

गर्मी के सीजन में शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल संरक्षण न करने की स्थिति में लोगों को पेयजल किल्लत का सामना करना पड़ सकता है। इसका कारण सिंचाई विभाग द्वारा नहरों में पानी छोडऩे के शैड्यूल में बदलाव करना है। नहरों में अब 16 दिन की बजाय 25 दिन नहरबंदी रहेगी। ऐसा फतेहाबाद ब्रांच नहर में मुरम्मत कार्य के चलते किया गया है। अब 25 दिन बाद फतेहाबाद ब्रांच नहर में पानी छोड़ा जाएगा। इसका सीधा असर जलापूर्ति पर पड़ेगा। इसके विपरीत सिंचाई विभाग के अधीक्षण अभियंता ओपी बिश्नोई का कहना है कि पेयजल के लिए कहीं दिक्कत नहीं आने दी जाएगी। जनस्वास्थ्य विभाग पेयजल के लिए किसी भी गांव में पाइप लाइन की अनुमति मांगता है तो उसे हाथों हाथ स्वीकृति दी जा रही है।

बता दें कि इससे पूर्व भाखड़ा डैम में पानी का जलस्तर 15 फुट नीचे जाने के कारण नहर 8 दिन चल रही थी जबकि इससे पूर्व जिले में नहरों के ए और बी दो गुरप थे। एक गुरप की नहरें 16 दिन चलती थी जबकि 16 दिन बंद रहती थी। शैड्यूल के अनुसार 16 दिन बाद दूसरे गुरप की नहरें चलती थी और 16 दिन बाद बंद रहती थी। पर्याप्त बर्फबारी न होने के कारण भाखड़ा नहर में पानी का लेवल 15 फुट कम हो गया। वर्ष 2024 में भाखड़ा डैम का लेवल 2 फुट ज्यादा था जबकि वर्ष 2023 में यह लेवल 4 फुट ज्यादा था। यही कारण था कि नहरें 8 दिन चल रही हैं और 16 दिन बंद रह रही हैं। मई में ग्लेशियर पिघलने से डैम में पानी का स्तर बढ़ जाएगा। तब पानी की आपूर्ति सामान्य हो जाएगी। अब फतेहाबाद ब्रांच नहर के मेंटेनेंस कार्य के चलते 25 मार्च से 20 अप्रैल तक नहरों में पानी नहीं छोड़ा जाएगा। सिंचाई विभाग ने पानी के स्टोरेज के लिए जनस्वास्थ्य विभाग, एचएसवीपी व नगरपरिषद फतेहाबाद को पत्र भेजकर पेयजल स्टोरेज की व्यवस्था नहरबंदी होने से पहले ठीक कर लेने के लिए कहा है। सिंचाई विभाग की ओर से भेजे गए पत्र में कहा गया है कि 25 मार्च से 20 अप्रैल तक फतेहाबाद ब्रांच नहर को मरम्मत कार्य के लिए बंद रखा जाएगा। जनस्वास्थ्य विभाग फतेहाबाद, टोहाना, सिरसा, हिसार एवं फतेहाबाद हुडा और नगरपरिषद फतेहाबाद को भेजा गया पत्र सभी एसडीओ को आगे भेजते हुए जलघरों में पीने के पानी का स्टोरेज व पेयजल सप्लाई को दुरूस्त रखने के लिए कहा गया है। वहीं 26 दिन तक नहरबंदी होने से पेयजल का संकट खड़ा हो सकता है क्योंकि विभाग के पास 21 दिनों तक पेयजल स्टोरेज करने के जलघरों की संख्या अभी कम है। ऐसे में विभागों को वैकल्पिक व्यवस्था भी बनाने के लिए कहा गया है।




#### विभाग ने की लोगों से पानी के सदुपयोग की अपील

इधर जनस्वास्थ्य विभाग ने आमजन से अपील की है कि वे पानी को सही उपयोग में लें। जल संरक्षण अधिकारी शर्मा चंद लाली ने कहा कि आमजन यह सुनिश्चित करे कि पानी को व्यर्थ न बहने दिया जाए। अगर कहीं लीकेज दिखाई दे तो उसे रोकें और खुद सक्षम न हों तो विभाग को लीकेज बारे में सूचना दें ताकि समय रहते पानी को व्यर्थ बहने से रोका जा सके। वहीं गांवों में जलघर कर्मचारियों को पानी सप्लाई को पूरी तरह से मैनेज करके आपूर्ति देने के लिए कहा गया है। जलघरों से सप्लाई की लाइन को चेक करने के लिए कहा गया है। जहां 21 दिनों के स्टोरेज वाले जलघर नहीं है वहां पर अतिरिक्त पानी स्टोरेज की व्यवस्था बनाने के लिए कहा गया है।

#### नहरों के शेड्यूल में किया बदलाव

भाखड़ा डैम का जलस्तर 15 फुट कम होने से हमने नहरों के शेड्यूल में बदलाव किया। पहले 16 दिन नहर चलती थी और 16 दिन बंद रहती थी। अब 16 दिन की बजाय नहर 8 दिन चलती है। जिले में 143 गांवों में पेयजल आपूर्ति नहरी जल आधारित है। यहां पर जलघर बने हुए हैं। गर्मी के मौसम को देखते हुए पब्लिक हैल्थ को कहा गया है कि वह जिस भी नहर से जलघर के लिए पानी की पाइप लगाना चाहें, सिंचाई विभाग से स्वीकृति लेकर लगवा सकता है। पेयजल के लिए हाथों हाथ मंजूरी दी जाएगी। अभी वैसे भी सिंचाई का सीजन नहीं है। जब तक खेतों में सिंचाई के लिए पानी की जरूरत होगी, तब तक नहरों में पानी की सप्लाई सामान्य हो जाएगी।

**-ओपी बिश्नोई,** अधीक्षण अभियंता, सिंचाई विभाग



सिरसा। अफीम के पौधों के साथ पकड़ा गया आरोपी पुलिस की गिरफ्त में।

## 7 किलो 298 ग्राम अफीम के हरे पौधों सहित आरोपी काबू

- आरोपी के खिलाफ मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरु की

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

सीआईए सिरसा पुलिस टीम ने गश्त के दौरान रानियां थाना क्षेत्र के गांव जगजीत नगर हरिपुरा क्षेत्र से एक व्यक्ति को 7 किलो 298 ग्राम अफीम के हरे पौधों सहित काबू किया है। पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण ने बताया कि गिरफ्तार किए गए व्यक्ति की पहचान अवतार सिंह निवासी गांव जगजीत नगर हरिपुरा जिला सिरसा के रुप में हुई है। उन्होंने बताया कि सीआईए सिरसा पुलिस टीम के प्रभारी उप निरीक्षक प्रेम कुमार के नेतृत्व में एक पुलिस टीम गश्त के दौरान रानियां थाना क्षेत्र में मौजूद थी।

#### मिली थी सुचना

पुलिस पार्टी को महत्वपूर्ण सूचना मिली कि अवतार सिंह निवासी जगजीत नगर हरिपुरा ने अपने घर के सामने बने प्लॉट में अफीम के पौधे लगा रखे हैं। इस सूचना को पाकर पुलिस पार्टी ने उक्त आरोपी के घर पर दबिश देकर उसके घर के सामने बने प्लॉट की चारदीवारी के अंदर देखा तो अफीम के पौधे लगे हुए मिले। राजपत्रित अधिकारी को मौके पर बुलाकर प्लॉट में लगे 7 किलो 298 ग्राम अफीम के पौधे बरामद कर आरोपी को काबू कर लिया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि आरोपी के खिलाफ थाना रानियां में मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरु की गई है। उन्होंने बताया कि आरोपी को अब अदालत में पेश किया जाएगा।

## लधुवास रोड पर रोडवेज बस सेवा की मांग आधा दर्जन सरपंचों ने डीसी को भेजा ज्ञापन

- निजी बस बंद होने से सैकड़ो विद्यार्थियों व ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड रहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रतिया

रतिया से लधुवास रूट पर मौजूद आधा दर्जन गांवों के सरपंचों ने जिला उपायुक्त को ज्ञापन भेज कर इस रूट पर पूर्ण रूप से सरकारी बस सेवा शुरू करने की मांग की है। गांव लधुवास के सरपंच व यूनियन के प्रधान सुखजिंदर सिंह, लठेरा के सरपंच जसविंदर सिंह, परमिंदर सिंह नंगल, सिक्का राम सरदारेवाला, राजकुमार, विकास कुमार रतनगढ़ तथा अन्य सदस्यों ने जिला उपायुक्त को एक ज्ञापन भेजकर बताया कि रतिया से लधुवास रोड पर एक दर्जन के करीब गांवों के हजारों स्कूली विद्यार्थी व ग्रामीण रोजाना पढ़ाई एवं काम के सिलसिले में गांव से रतिया आते जाते हैं। इस रूट पर एक निजी बस चलती है लेकिन जब सुबह विद्यार्थियों के रतिया स्कूल जाने का टाइम होता और रतिया से वापस गांव जाने का टाइम होता था तो उक्त बस संचालक रूट मिस कर देते थे। सरपंचों ने इसको लेकर जिला प्रशासन को एक ज्ञापन दिया था। ज्ञापन देने के बाद जिला उपायुक्त द्वारा सुबह 8 बजे लधुवास से रतिया व दोपहर को 2 बजे रतिया से लधुवास के लिए सरकारी बस सेवा शुरू की गई थी। इससे नाराज होकर आज निजी बस संचालकों ने 11 बजे के बाद अपनी बस बंद कर दी, जिस कारण सैकड़ो विद्यार्थियों व ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। उपरोक्त आधा दर्जन गांवों के सरपंचों ने जिला उपायुक्त से मांग की है कि इस रूट पर सैंकड़ों विद्यार्थी व ग्रामीण रोजाना रतिया आते जाते हैं और प्राइवेट बस संचालकों की मनमानी से वह परेशान है इसलिए इस रूट पर पूर्ण तौर पर हरियाणा रोडवेज की बस चलाई जाए ताकि लोगों की परेशानियों को दूर किया जा सके। उन्होंने बताया कि वह जल्द ही इस मामले में जिला प्रशासन को से भी मिलेंगे।



रतिया। बस समस्या के समाधान की मांग करते सरपंच।

### फरियादियों की गंभीरता से सुनवाई कर शीघ्र न्याय दिलाएं: विक्रांत भूषण

## आधुनिक तकनीक से अपडेट रहें पुलिस कर्मचारी : एसपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

एसपी विक्रांत भूषण ने कहा कि सभी जांच अधिकारी व अन्य पुलिसकर्मी ई- साक्ष्य ऐप, ई-चालान तथा ई- सम्मनिंग जैसी आधुनिक तकनीक से अपने आप को पूरी तरह से परिचित रखें तथा थाना के रजिस्टर व रिकॉर्ड को पूरी तरह से अपडेट रखें। एसपी रविवार को थाना व चौकी प्रभारियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अपराध एवं अपराधियों तथा अन्य गैर कानूनी धंधा करने वालों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान को तेज करें। उन्होंने बैठक में मौजूद सभी पुलिस कर्मचारियों से कहा कि विभिन्न अपराधिक वारदातों में पकड़े गए लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए अदालत में भी उनके खिलाफ बेहतर ढंग से पैरवी करें ताकि अपराध करने वाला व्यक्ति सजा से न बच पाए। पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण ने कहा कि संपति विरुद्ध अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत महत्वपूर्ण सूराग जुटाकर अनसुलझे मामलों को शीघ्र निपटाएं तथा विभिन्न मामलों में वांछित आरोपियों को भी शीघ्र गिरफ्तार करें। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि विभिन्न मामलों में वांछित भगौड़ों की धरपकड़ तेज करें तथा आदतन अपराधियों की हिस्ट्री शीट खोलें तथा समय समय पर चैक कर उनकी गतिविधियों पर पैनी नजर रखें।



सिरसा। पुलिस अधिकारियों की बैठक लेते एसपी विक्रांत भूषण।

### अंतराज्यीय शराब तस्कर गिरोह का भंडाफोड़

## 25 लाख रुपये की अवैध शराब जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ डबवाली

एंटी नारकोटिक सैल डबवाली पुलिस ने गश्त के दौरान रोहिड़ावाली बस स्टेंड क्षेत्र से अंतराज्यीय शराब तस्कर को 96 पेटी अंग्रेजी शराब व कैंटर सहित गिरफ्तार किया है। एंटी नारकोटिक सैल डबवाली प्रभारी उप निरीक्षक सुरेश कुमार ने बताया कि मुख्य सिपाही प्रदीप कुमार के नेतृत्व में एक पुलिस टीम गश्त व चैकिंग के दौरान डबवाली से सिरसा रोड पर रोहिड़ावाली बस स्टैंड के समीप मौजूद थे। इस दौरान उन्होंने शक के आधार पर साथी कर्मचारियों की सहायता से कैंटर को रुकवाकर नियमानुसार तलाशी ली तो कैंटर में प्लास्टिक के करैटो के नीचे छुपाई हुई करीब 96 पेटी अंग्रेजी शराब (करीब 12,00 बोतल) पंजाब मार्का मैकडोल व रायल स्टाग बरामद हुई। आरोपी की की पहचान विजय कुमार पुत्र जगदीश निवासी सदलपुर जिला हिसार के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना ओढां में विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। कैंटर चालक विजय कुमार ने पुलिस पूछताछ में बताया कि वह यह शराब का भरा कैंटर पंजाब से लेकर हिसार जा रहा था।



सिरसा। अवैध शराब के साथ पकड़ा गया कैंटर चालक पुलिस की गिरफ्त में।

## सड़क की खस्ता हालत के कारण पलटी कार, आधा दर्जन लोग बाल-बाल बचे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रतिया

बुढलाडा रोड पर रविवार को खस्ता हाल सड़क के कारण कार पलट गई। इस हादसे में कार में सवार आधा दर्जन लोग बाल-बाल बच गए। कार सवार लोगों को वहां से गुजर रहे अन्य कार चालकों ने बाहर निकाला। कार सवार लोगों ने सडक़ का निर्माण कर रहे ठेकेदार के करिंदों पर लापरवाही का आरोप लगाया है। मिली जानकारी के अनुसार रोड का निर्माण कार्य कर रहे ठेकेदार के लोगों द्वारा बुढलाडा रोड पर घग्गर नदी से आगे जाकर सीसी पुली का निर्माण किया जा रहा है। इसको लेकर जेसीबी द्वारा सड़क को उखाड़ दिया गया था। एक साइड से पुली का निर्माण किए जाने के कारण कुछ क्षेत्र में सडक़ को बंद किया हुआ है जबकि दूसरी तरफ सडक़ खस्ता हाल बनी हुई है। यहां से जब एक कार गुजर रही थी तो खस्ता हालत सडक़ होने के कारण रोड से नीचे उतर गई।





सिरसा। नशे के खिलाफ युवाओं को जागरुक करते हुए।

## एनएसएस शिविर में नशे के खिलाफ किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा।

राजकीय नेशनल महाविद्यालय में यूथ फॉर माई भारत थीम के अंतर्गत जारी एनएसएस के सात दिवसीय शिविर का छठा दिन मेरा हरियाणा नशामुक्त हरियाणा के नाम समर्पित रहा। महाविद्यालय के जनसंपर्क अधिकारी डॉ. हरविंद्र सिंह ने बताया कि प्राचार्य प्रो. हरजिद्र सिंह द्वारा मुख्य वक्ता के तौर पर प्रयास संस्था से आई विनोद कुमारी एवं जिले की एंटी नार्कोटिस्ट कंट्रोल ब्यूरो की टीम का स्वागत करते हुए कहा कि नशा एक सामाजिक बुराई है जिससे इंसान का अनमोल जीवन समय से पहले ही मौत का शिकार हो जाता है। उन्होंने कहा कि नशे को जड़ से खत्म करने और स्वस्थ समाज का निर्माण करने में सभी स्वयंसेवियों को अपना यथासंभव सहयोग प्रदत्त करना चाहिए। उन्होंने स्वयंसेवकों को नशे के दुष्प्रभाव बताते हुए नशा न करने के लिए उपस्थितजनों को प्रेरित किया। इसके बाद नशे के ऊपर प्रशनोतरी कार्यक्रम के माध्यम से उपस्थितजन की जिज्ञासाओं को शांत किया गया।

### अभियान — चोरी की वारदातों पर अंकुश लगाने को लेकर की कार्रवाई

# चोरों की धरपकड़ को लेकर एक्शन में टोहाना पुलिस इस साल सुलझाएं दर्जनों मामले, चोरों को भेजा जेल

- चोरों से लूटी गई संपत्ति को किया बरामद


हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

पुलिस अधीक्षक आस्था मोदी के दिशा-निर्देशानुसार जिला पुलिस टोहाना मंडल में हो रही चोरी की वारदातों पर अंकुश लगाने को लेकर एक्शन मोड में है। इस वर्ष 2025 में अब तक टोहाना व जाखल पुलिस चोरी की अनेक वारदातों को सुलझाते हुए अपराधियों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज चुकी है वहीं उनके पास से चोरी की गई संपत्ति भी बरामद की गई है।डीएसपी टोहाना उमेद सिंह ने बताया कि थाना सदर टोहाना पुलिस ने चोरी के विभिन्न मामलों को सुलझाने में कामयाबी पाई है। 31 अगस्त 2024 को कुलां के फुलकारी रिसोट्र्स में हुई चोरी के मामले में पुलिस ने 6 मार्च को जोगिन्द्र सिंह व धर्मबीर निवासी जींद को काबू कर उनके पास से चोरीशुदा सामान को बेचकर अर्जित किए गए 20 हजार रुपये बरामद किए। इस मामले में दो आरोपियों प्रकाश व पवन निवासी जींद को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर 40 हजार रुपये बरामद कर चुकी है। दूसरे मामले में 7 जनवरी को गांव अकांवाली निवासी कुलदीप के घर हुई चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी गुरप्रीत सिंहअकांवाली को गिरफ्तार कर उसके पास से चुराए गए सोने के गहने व नकदी बरामद की है। तीसरे मामले में 22 जनवरी को गांव धारसूल खुर्द निवासी बलवान सिंह के घर हुई चोरी के मामले में कुलां पुलिस चौकी ने मनदीप धारसूल खुर्द को गिरफ्तार कर चोरीशुदा मोबाइल बरामद किया है। चौथी घटना में 28 जनवरी को गांव गाजूवाला निवासी मनजीत के खेत से सोलर प्लेट चोरी करने के मामले में पुलिस ने हिसार के मुगलपुरा निवासी सतीश को काबू कर चोरीशुदा सोलर प्लेटें बरामद की है। एक अन्य मामले में सदर टोहाना पुलिस ने 19 फरवरी गांव इंदाछोई निवासी शंकर लाल की दुकान से गेहूं चोरी करने के मामले में पुलिस ने आदेश कुमार निवासी करंडी व जग्गी निवासी रूपावाली को काबू कर इनके पास से चोरीशुदा गेहूं के कट्टे बरामद किए है।

#### जाखल पुलिस की उपलब्धियां

जाखल पुलिस ने भी इस दौरान आधा दर्जन के करीब चोरी के मामलों को सुलझाया है। 5 जनवरी को टोहाना निवासी ईश सरना के जाखल ऑफिस से 3 लाख 82 हजार रुपये चोरी करने के मामले में पुलिस ने चंदड़ कलां के अनवर सिंह को काबू कर चोरीशुदा राशि बरामद की वहीं 23 जनवरी को सिधानी के संजीव के घर हुई चोरी के मामले में पुलिस ने गांव के अभिषेक, राहुल, अकुंश को गिरफ्तार कर उनके पास से चुराया गया सामान बरामद किया। 19 जनवरी को भोडिय़ा खेड़ा के मुंदलिया से रणधीर का जरनेटर चोरी करने के मामले में पुलिस ने युगराज व गुरप्रीत निवासी तलवाड़ा को पकड़ा वहीं 15जनवरी को तलवाड़ा के आंगनबाड़ी केन्द्र से सामान चुराने के मामले में संदीप, युगराज व गुरप्रीत को भी काबू कर सलाखों के पीछे भेजने का काम किया है। 23 फरवरी को गोविन्दा निवासी भूर्थली का बाईक चोरी करने के दो आरोपियों दर्शन सिंह व निर्मल सिंह निवासी आडकवास, पंजाब को भी चोरीशुदा बाईक सहित काबू कर इन्हें सलाखों के पीछे पहुंचाया है।

**थाना शहर टोहाना ने भी पकड़े चोर** :डीएसपी ने बताया कि थाना शहर टोहाना पुलिस भी चोरों की धरपकड़ में तेजी से लगी है। 8 जनवरी को संदीप कौर निवासी भूना रोड, टोहाना का एक दुकान से पर्स चुराने के मामले में तुरंत एक्शन लेते हुए पुलिस ने मिथुन निवासी धमतान साहिब व राकेश निवासी भिवानी को गिरफ्तार कर चोरीशुदा पर्स बरामद किया वहीं 1 फरवरी को जमालपुर शेखां का बाईक चुराने के मामले में दर्शन सिंह व निर्मल सिंह निवासी आडकवास, पंजाब को चोरीशुदा बाईक सहित काबू किया। पुलिस ने इनके पास से जाखल में चोरी किए गए 6 मोटरसाइकिल भी बरामद करने में सफलता हासिल की।



## लोककवि

दयाचंद मायना हरियाणवी बोली के कवि थे। वे हरियाणा के अब तक के सबसे महत्वपूर्ण कवियों और लोकगीत कलाकारों में से एक हैं। उनका जन्म 10 मार्च 1915 को हरियाणा (तत्कालीन पंजाब) के रोहतक जिले के मायना गांव में एक वाल्मीकि परिवार में हुआ था। उन्होंने हरियाणवी सांग और रागनी का बेहतरीन निर्माण किया। उन्होंने 21 किस्सा (हरियाणवी में नाटक) और 150 से अधिक रागनियां (हरियाणवी में कविता) लिखीं। 20 जनवरी 1993 को उनका निधन हो गया।

# जन कल्याण के रचनाकार कहलाए शिवचरण

जयंती विशेष

**दिनेश शर्मा 'दिनेश'**



प्रसिद्ध लोककवि एवं भजनोपदेशक शिवचरण का जन्म 9 मार्च 1929 को फाल्गुन मास की त्रयोदशी को महाशिवरात्रि के दिन दिल्ली देहात के ऐतिहासिक गांव नांगल ठाकरान में हुआ। शिवरात्रि के दिन जन्म होने के कारण ही इनका नाम शिवचरण रख दिया गया । इनके पिता का नाम मलूक राम तथा माता का नाम प्रेमकौर था। चार वर्ष की आयु में ही पिता का साया इनके सिर से उठ गया और इनका पालन-पोषण इनके पितृव्य निहालचंद 'निहाल' द्वारा किया गया। गौरतलब है कि निहालचंद 'निहाल' अपने समय के प्रसिद्ध लोककवि एवं लोकनाट्यकार (सांगी) थे। उनका संरक्षण प्राप्त होने के कारण बचपन से ही इनके मन में संगीत के प्रति गहरा लगाव पैदा हो गया। इन्होंने आठवीं कक्षा तक शिक्षा प्राप्त की।

पंद्रह-सोलह वर्ष की आयु में इनकी दिल्ली क्लाथ मिल में नौकरी लग गई। जहां संयोग से इन्हें संगीत का शौक एवं जानकारी रखने वाले कई सहयोगी मिल गए। अब इनके पास जब भी खाली समय होता था, ये सभी वहीं अपना गायन, वादन का अभ्यास कर लेते थे। कुछ समय बाद इन्होंने अपनी पूरी भजन-मंडली बना ली। इनके कार्यक्रमों में अधिकतर देशभक्तिपूर्ण, आध्यात्मिक व शिक्षाप्रद भजन व रागनी होते थे। इनके कार्यक्रमों का लोगों पर बहुत गहरा प्रभाव पड़ता था। इसके साथ-साथ ये समाजसेवा के कार्यों में भी अत्यधिक रुचि रखते थे। कुश्ती के शौकीन, मीठी-वाणी और परोपकार की प्रवृत्ति रखने वाले शिवचरण विशाल हृदयी थे तथा 'वसुधैव कुटुम्बकम्' में विश्वास रखते थे। एक बार गांव नांगल ठाकरान में उन्होंने अपनी जान की परवाह न करते हुए कुएँ में गिरे एक बच्चे को बचाया तो दूसरी बार किसी कारण से दो गुटों में बंटे मांढ़ोठी गांव के ग्रामीणों को एक स्थान पर बुलाया और उनके गिले-शिकवे दूर करवाए। जिससे सारा गांव दोबारा एकजुट हो पाया। इस पर गांव के प्रधान ने इनके प्रति कृतज्ञता प्रकट करते हुए कहा कि महाशय जी, आज आपने हमारे गांव को टूटने से बचा लिया। इस सुकृत के लिए हमारा गांव सदा आपका ऋणी रहेगा। इस प्रकार के अनेक प्रसंग इनके नाम के साथ जुड़े हुए हैं। लोककवि शिवचरण एक प्रभावशाली व्यक्तित्व के धनी थे। अपने पितृव्य एवं गुरु निहालचंद 'निहाल' की तरह इनके कंठ में भी मां सरस्वती का वास था। इनका गाना सुनकर श्रोता आत्मविभोर हो उठते थे। वस्तुतः इनके तीन गुरु थे। पहले, निहालचंद 'निहाल' जिनसे इन्होंने काव्य रचना और गायन विधा का ज्ञान प्राप्त किया। दूसरे, बिजवासन निवासी भूपसिंह जिनसे इन्होंने हारमोनियम बजाना सीखा और तीसरे स्वामी परमहंस, जो इनके आध्यात्मिक गुरु थे। इनकी अपने तीनों गुरुओं के प्रति अगाध श्रद्धा थी । अग्रदत्त पंक्तियों में इनके तीनों गुरुओं का वर्णन किया गया है-

*'निहाल' भूपसिंह परमहंस जी तीनों को गुरु मान लिया ।*
*गाणा और बजाणा लिखणा ब्रह्मविद्या का ज्ञान लिया ।*
*खूब कर्या प्रचार ज्ञान का दूध और पाणी छान लिया ।*

> लोककवि शिवचरण अपने समय के एक सशक्त हस्ताक्षर थे, जिन्होंने अपनी काव्य प्रतिभा से जनमानस में नई जागृति लाने का स्तुत्य प्रयास किया। उनका लोक साहित्य और महान व्यक्तित्व युवाओं को श्रेष्ठ साहित्य रचना और सार्थक जीवन जीने की प्रेरणा देता रहेगा



*सही बात है सही आदमी फेर लोगां नै भी जान लिया ।*
*देश धर्म केगाणे मैं ला अपनी उम्र तमाम गए ।।*
*छोड़ दिया परिवार नार संसार पहुँच धुर धाम गए ।।*

लोकगायकों और सांगियों में अपने गायन के श्रीगणेश में मंगलाचरण व गुरु-स्मरण की परंपरा देखने को मिलती है। वे भी अपने कार्यक्रम का आगाज इसी प्रकार करते थे। उदाहरण के लिए मां भवानी की भेंट के कुछ अंश प्रस्तुत हैं-

**अजब तेरी शान का री, कोन्या भेद किसी नै पाया ।।**
**कहै शिवचरण सभा मैं आओ, माई गाणे मैं रंग बरसाओ, मुझ मूर्ख को सही बताओ,**
***रास्ता ज्ञान का री, ध्यान मनै थारे चरणां मैं लाया ।।***

लोककवि शिवचरण के व्यवहार, चरित्र एवं जन्मस्थली आदि के सन्दर्भ में उनके परिजनों एवं पुरजनों से प्राप्त जानकारी के साथउनके काव्य से भी इसकी यथेष्ट जानकारी मिलती है। जैसे-

**शिवचरण नै थारा विश्वास सै,**
**मन मैं पूरी - पूरी आस सै,**
**मेरा खास सै नांगल गाम, सच्चा धाम,**
**मुख से नाम,राम जी का टेरा जी ।।**

उनके काव्य में लोकाचार के दर्शन होते हैं। लोकजीवन में कन्यादान को सबसे बड़ा पुण्य माना जाता है, जो व्यक्ति अपनी जवान बेटी का विवाह समय पर नहीं कर पाता तो उसकी निंदा होती है। अतः लोकनिंदा से बचने के लिए द्रौपदी की माँ राजा द्रुपद से अपनी बेटी के हाथ पीले करने का अनुरोध करती है। वह राजा को उसके कर्त्तव्य का बोध इस प्रकार करवाती है-

> कविवर शिवचरण जीवनभर लोकरंजन एवं लोकमंजन के लिए काव्य-साधना और लोकसंस्कृति के प्रचार-प्रसार में जुटे रहे

**स्याणी बेटी-भाण कंवारी, ना ठीक बाप के घर पै ।**
**गृहस्थ-धर्म की रीत पुराणी, फर्ज बाप के सिर पै ।।**

हमारी संस्कृति की बिसात तप, त्याग, दया, धर्म, पुण्य, दान आदि अनेक उदात्त तत्त्वों से बुनी गई है। गृहस्थ आश्रम को सब से श्रेष्ठ माना गया है, क्योंकि अन्य सभी आश्रम इसी पर आधारित हैं। कवि ने समाजोपयोगी लोकाचार को अपनाने का उपदेश इस प्रकार दिया है-

***दया धर्म और शील-सुभा लक्ष्मी का वास कहैं सैं ।***
***इस गृहस्थ धर्म नै वेद-शास्त्र, भक्ति खास कहैं सैं ।।***
***अपणा-अपणा फर्ज समझ कै, पूरा प्रण निभावैं ।***
***माँ-बाप करैं सो बेटा-बेटी, न्यूँ दुनिया कहती आवै ।***
***मात-पिता का फर्ज बालकाँ तै, आच्छी बात सिखावै ।***
***लिखा-पढ़ा कै करैं श्यामर्थ, जिन्दगी सफल करावै ।***

लोकजीवन में श्रद्धा-भक्ति की मन्दाकिनी अबाध गति से प्रवहमान है। अशिक्षित एवं अर्धशिक्षित लोगों की धर्म एवं भक्ति में अगाध आस्था है। इन्होंने लोकमानस की इस आस्था को बनाए रखने एवं इसे और पुष्ट करने के लिए लोगों को इस प्रकार सचेत किया है-

**नहीं मरे का शोक किसे नै, बिरथाए जिंदगी खो चाल्या।**
**लोक परलोक बिगाड़े दोनों ना मनुष जन्म हर बार मिलै ।।**
**निहालचंद सतगुरु के संग मेरा जन्म-जन्म का नाता है ।**
**पूरी शक्ति मिलै गुरुमुख नै जो शरण गुरु की जाता है ।**
**भक्ति-दान गुरु से मिलता वो ब्रह्मविद्या का दाता है ।**
**जिस पै मौज गुरु की होज्या वो परमगति को पाता है ।**
**शिवचरण पै मेहर फेर दयो जो सार शब्द का तार मिलै ।।**

लोककवि शिवचरण की रचनाओं में जीवन के सभी आयाम सहज रूप से उद्घाटित हुए हैं । सामाजिक सरोकारों एवं नैतिक मूल्यों के साथ-साथ देशप्रेम की भावना भी उनके काव्य में हिलोरें मार रही है। सन् 1965 के भारत-पाक युद्ध के उपरान्त दिल्ली में कड़ेखां नामक स्थान पर तत्कालीन लोककवियों के मध्य देशप्रेम के गीतों से सम्बद्ध एक प्रतियोगिता हुई, जिसमें इनके अग्रदत्त राष्ट्रप्रेम से ओत-प्रोत गीत को प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ-

**भारत माँ के पूत ऊठ इब, देर तनै क्यूँ लाई ।**
**पाकिस्तान मानता ना करी हिन्द नै बहोत समाई ।।**

पुराने समय में नैतिक मूल्यों की बड़ी कद्र थी। बड़े-बूढ़ों का आदर सम्मान था लेकिन समय ने करवट बदली और समाज का सारा ताना-बाना बिखरने लगा। ऐसी भयंकर स्थिति को देखकर कविवर शिवचरण का मन अकुला उठा। समाज को दशा एवं दिशा दिखाती उनकी अग्रदत्त रचना की एक-एक पंक्ति गौर करने लायक है-

**कई लड़की हों जिस माणस कै, उसकी श्यामत आवै सै।**
**लड़का देखण की सोचै जब, पहल्याएँ घबरावै सै।**
**बेशक लड़का अनपढ़ हो पर, उलट-पुलट बतळावै सै।**
***नगद दान लाखों मैं पोंहचै, अर कार - स्कूटर चाहवै सै।***
***फेरे लेकै दें छोड़ फेर भी, न्यूँ जीणा दुश्वार होया।।***
***सतपुरुषों की कद्र रही ना, झूठ्याँ का विस्तार होया।।***

जीवन के अंतिम वर्षों में इनका अधिकतर समय हरि भजन में व्यतीत होने लगा। स्वर्गवास से कुछ दिन पहले अचानक इनका स्वास्थ्य ज्यादा खराब हो गया। दवाइयों ने भी कोई असर नहीं दिखाया। 10 जनवरी 1997 को सवेरे के समय इनके सुपुत्र रामबीर सिंह 'राम', पास बैठे थे, उनको परोपकार, समाजसेवा और अन्य शुभ कार्यों के लिए प्रेरित किया और अपनी एक प्रसिद्ध रचना की निम्नलिखित पंक्तियां सुनाते हुए परमधाम के लिए प्रस्थान कर गए-

**दान-पुण्य करणे तै मनुष की कला सवाई होज्या।**
**बणा कुएं बाग स्कूल धर्मशाला सफल कमाई होज्या।**
**धर्म - कर्म नहीं छुपै कुटुंब की मान-बड़ाई होज्या।**
**शिवचरण वरदान मिलै खुश दुर्गे माई होज्या।**
**सतगुरुजी की मेहर फिरै जब शिष्य नै पास कहैं सैं।।**

कविवर शिवचरण जीवनभर लोकरंजन एवं लोकमंजन के लिए काव्य-साधना और लोकसंस्कृति के प्रचार, प्रसार में जुटे रहे। उन्होंने लोक-कल्याण में अपना सारा जीवन लगा दिया। इनके निधन के उपरान्त इनके अनेक शिष्य इनकी परम्परा को आगे बढ़ा रहे हैं, जिनमें सुरेश रोहिल्ला, महेन्द्र सिंह व रामबीर सिंह 'राम'प्रमुख हैं। इनके सुपुत्र रामबीर सिंह 'राम' उनके ही संस्कारों से आज हरियाणवी साहित्यकारों में उच्च सम्मान पाते हैं। 'राम' विशेष रूप से काव्य-रचना में सक्रिय हैं। उन्होंने कविराज शिवचरण के जीवनवृत्त को एक भजन के रूप में प्रतिपादित किया है । उसके कुछ अंश पेश हैं-

**पिता छोड़ कै चल्या गया मनैं ढूंढ्या बहोत मिल्या कोन्या।**
**साच बताऊँ तात बिना कदे मन का चमन खिल्या कोन्या।**
**सिर पै धर दिया हाथ साथ ले रामबीर का प्रणाम गए।।**
**छोड़ दिया परिवार नार संसार पहुँच धुर धाम गए ।।**

निष्कर्षतः कहा जा सकता है कि लोककवि शिवचरण अपने समय के एक सशक्त हस्ताक्षर थे। जिन्होंने अपनी काव्य प्रतिभा से जनमानस में एक नई जागृति लाने का स्तुत्य प्रयास किया। उनका लोक साहित्य और महान व्यक्तित्व युवाओं को श्रेष्ठ साहित्य रचना और सार्थक जीवन जीने की प्रेरणा देता रहेगा, ऐसा हमारा विश्वास है।

---

कुण्डलिया

**सत्यवीर नाहड़िया**



## फाग्गण खूग्या वो दिखे...

न्यारी होवै थी कदे, फाग्गण की सौगात।
इब फाग्गण की ना रह्यी, पहलम आळी बात।
पहलम आळी बात, रात नै गाया करते।
बजा नगाड़े-ढप्प, चुगरदे छाया करते।
बड़ी-बूढ़ळी साँग, काढ़ती मिलकै सारी।
रात चाँदणी बीच, छटा होवै थी न्यारी।।

त्यारी डांडे तै सदा, होया करती खास।
भाईचारा आपसी, आया करता रास।
आया करता रास, आस नित नयी जगाते।
ढाल-बिड़कले गैल, कूकड़ी भोत बणाते।
ऊँच्ची होळी रोज, बणाते मिलकै भारी।
गाकै होळी भोत, हुवै थी न्यारी त्यारी।।

फाग्गण खूग्या वो दिखे, नहीं बच्यी वै बात।
भाईचारा ना रह्या, बदल्ये न्यूँ हालात।
बदल्ये न्यूँ हालात, टांड पै धरे नगाड़े।
गोबर-गारा गैल, धुत्त हो करते खाड़े।
चाल्ली पछवा पौन, रीत न्यूँ लाग्ये त्यागण।
गूँज्या करता भोत, रात चाँदण म्हैं फाग्गण।।

कविता

**इंद्र सिंह लांबा**



## हर की भूमि

धन्य धन्य धरा हरियाणा हर की भूमि कहलाती है।
ज्ञानी ध्यानी वेदव्यास से वेद यहां लिखवाती है।

श्री कृष्ण नें कर्म करण की जो बात कही सै गीता मैं।
यहां कर्मठता से दिखा दिया विश्वास उन्हीं की रीता मैं ।
यहां तीज त्यौहार हंस खिल के आते, रहणा प्यार प्रीता मैं।
सांझ ढले चौपाल बैठकर जिक्र चालैं मीता मैं।

खेल खिलाड़ी म्हारे अगाड़ी, धरती मां इतराती है।
ज्ञानी, ध्यानी, वेदव्यास से वेद यहां लिखवाती है।

सूरदास और ऋषि दयानंद यहां हुए तपधारी थे।
नाहर सिंह और तुला राव सदा अंग्रेजों पर भारी थे।
नेकीराम और श्रीराम शर्मा आजादी के पुजारी थे।
चंदगी राम और लीलाराम बड़े पहलवान बलकारी थे।

शिवालिक और अरावली पर्वत चोटी दिखलाती है।
ज्ञानी ,ध्यानी वेदव्यास से वेद यहां ,लिखवाती है।
ढ़फ, ढ़ोल , नगाड़े बाजैं जोगी सारंगी पर गाते हैं।
वीरों का इतिहास सुना हर दिल में जोश जागते हैं।।

पावन पवित्र स्थल देखने लोग दूर से आते हैं।
पेहवा, फल्गु, कुरुक्षेत्र भक्तों के बंध रहे तांते हैं।
सतलुज, यमुना, सरस्वती धरती की प्यास बुझाती है।
ज्ञानी ध्यानी वेदव्यास वेदव्यास से वेद यहां लिखवाती है।

सांगी,भजनी,प्रचारक तत्काल मेरे हरियाणा मैं।
कवि मोहर सिंह ,बख्तावर, नंदलाल मेरे हरियाणा मैं।
लखमी , मांगे, बाजे ,धनपत, निहाल मेरे हरियाणा मैं।
फिल्म निर्देशक प्रभाकर, यशपाल मेरे हरियाणा मैं।।

नई बुलंदी छूणे के संस्कार हमें सिखलाती है।
ज्ञानी ध्यानी वेदव्यास से वेद यहां लिखवाती है।
कहे इंद्र लाम्बा नर और नारी मिल के खेत कमाते हैं।
तारों की छाया में जाते तारों की छांव आते हैं।।

बढ़िया खेती बाड़ी सोना बालों में उपजाते हैं।
सादा रहणा सहणा और दूध, दही , घी खाते हैं।
तेरा वंदन तेरा पूजन दुनिया शीश झुकती है।
ज्ञानी ध्यानी वेदव्यास से वेद यहां लिखवाती है ।।

haribhoomisahitya@gmail.com पर आप अपनी रचनाएं भेज सकते हैं।

---

रोचक

**करीब 150 वर्ष के दौरान विभिन्न परिवर्तनों के दौर से गुजरा है हरियाणा**

# कई विलय, विघटन के बाद बना वर्तमान हरियाणा



इतिहास

**यशपाल गुलिया**

राकुछ जागरूक एवं जिज्ञासु पाठकों ने मेरे पिछले लेख बारे प्रश्न उठाया कि हरियाणा तो पंजाब से बना है। ऐसे पाठकों के ज्ञानवर्धन के लिए मैं 150 वर्ष के विभिन्न परिवर्तनों के बारे में अवगत करवा देता हूं। वर्ष 1802 में नवस्थापित हरियाणा राज्य का आयरिश शासक तो स्वर्ग सिधार गया, लेकिन अगले ही वर्ष 1803 में दिल्ली पर अंग्रेज सत्ता स्थापित हो गई।


उन्होंने दिल्ली के तीन तरफ स्थित क्षेत्र को विभिन्न रियासतों व नवाबियों में वितरित कर दिया। जॉर्ज थॉमस द्वारा गठित हरियाणा प्रदेश के ज्यादातर क्षेत्र को झज्जर रियासत व दुजाना रियासतों को प्रदान कर दिया। जैसे झज्जर रियासत में नारनौल, महेन्द्रगढ़, कांटी तथा बावल तक का क्षेत्र दे दिया गया। वहीं, दुजाना नवाब को नाहड़, भिवानी, हांसी, हिसार तक क्षेत्र दिया गया, जिसका उसने 1809 में स्वेच्छा से परित्याग कर दिया। अंग्रेजों ने दिल्ली पर अधिकार करने के बाद अन्य नई रियासत मेवता, पटौदी व लौहारु आदि भी बना डाली। जबकि अंग्रेज शासक से पहले कायम रजवाड़े, नवाबी आदि यथावत बने रहने दिए। क्योंकि उन्होंने न केवल अंग्रेज प्रभुसत्ता को सहर्ष स्वीकार किया बल्कि अंग्रेजों की हर प्रकार से सहायता भी की, जैसे फरुखनगर, बल्लभगढ़, बहादुरगढ़, झाड़सा, कुन्जपुरा, जीन्द, कैथल, नारायणगढ़, रानियां आदि रजवाड़े पहले से स्थापित हो चुके थे। इस तरह जॉर्ज थॉमस द्वारा स्थापित हरियाणा राज्य का नाम तब लुप्त प्राय हो गया। अंग्रेजों ने प्रशासनिक व्यवस्था के तहत 1810 के बाद वर्तमान हरियाणा क्षेत्र में नये जिले बनाने की प्रथा भी आरम्भ कर दी थी और तब पंजाब सतलुज नदी के पार वाले क्षेत्र को कहा जाता था जिसकी राजधानी लाहौर थी। उस समय पंजाब का शक्तिशाली शासक महाराजा रणजीत सिंह था, जिससे अंग्रेजों ने चालाकी पूर्ण सन्धि कर ली थी। अर्थात महाराजा के जीवित काल वर्ष 1839 तक तो अंग्रेज लाहौर तक नहीं गए लेकिन उसके बाद वर्ष 1849 तक सिखों से कई युद्ध करके समस्त पंजाब (वर्तमान पाकिस्तान) पर अधिकार कर बैठे। उसके कुछ वर्षों बाद स्वाभिमानी भारतीय सैनिकों ने 1857 का विद्रोह कर दिया और चार माह तक दिल्ली अंग्रेजों से मुक्त हो गई थी। परन्तु सत्तालोलूप कुछ पंजाब शासकों ने अंग्रेजों को सैन्य सहायता देकर दिल्ली पर उनका शासन फिर से कायम करवा दिया।



अंग्रेजों ने 1804 में झज्जर रियासत बनाई थी। रियासत का यह महल अब गिरा दिया गया है।

वर्ष 1858 से अंग्रेजों ने भी प्रशासनिक परिवर्तन करके न केवल वर्तमान हरियाणा क्षेत्र बल्कि दिल्ली को भी एक जिला बनाकर पंजाब सूबे के तहत कर दिया तब पंजाब सूबे की राजधानी लाहौर में थी तथा दिल्ली, वर्तमान हरियाणा व हिमाचल क्षेत्र सहित 32 जिलों का राज्य बना दिया था। उसके बाद वर्ष 1912 से दिल्ली को पंजाब से अलग कर दिया गया क्योंकि अंग्रेजों ने 1912 से कलकत्ता से राजधानी दिल्ली स्थानांतरित कर दी थी। लेकिन हरियाणा व हिमाचल को 1966 से ही अलग राज्यों का दर्जा प्राप्त हो सका। अर्थात नए हरियाणा का उदय वर्ष 1966 में एक नवंबर को हुआ।

**विशेष** : लेखक ने शोध शैली की विभिन्न पुस्तकें लिखी हैं।



अंग्रेजों द्वारा दिल्ली में बनाया गया 1857 का स्मारक।

---

# संस्कृति संवर्धन में कला की अहम भूमिका : प्रदीप जेलपुरिया

कलाकार

**ओ.पी पाल**

हरियाणा की समृद्ध संस्कृति को संजोए रखने के लिए लोक कलाकार अलग-अलग विधाओं में अलख जगा रहे हैं। सूबे के लोक कलाकारों और गीतकारों ने देश में ही नहीं, वरन् विदेशों में भी अपनी छाप छोड़ी है। ऐसे ही विख्यात कलाकार प्रदीप जेलपुरिया ने मिमिक्री और मंच संचालन के साथ अपने गीतों की बेहतरीन प्रस्तुतियों से लोकप्रियता हासिल की है, वहीं वह जेल विभाग में सेवा देते हुए कैदियों को भी संस्कृति और संस्कारों की सीख दे रहे हैं। मिमिक्री के साथ रागनी गायन, एंकरिंग, कविता लेखन के माध्यम से सांस्कृतिक, आध्यात्मिक, सामाजिक और खेल जैसे समारोह में एंकरिंग की भूमिका में बुलंदियां छू रहे कलाकार प्रदीप जेलपुरिया ने हरिभूमि संवाददाता से हुई बातचीत के दौरान अपनी कला के सफर में कई ऐसे अनछुए पहलुओं को उजागर किया है, जिसमें अपनी संस्कृति का संवर्धन करना उनकी कला की प्राथमिकता है।

हरियाणा के विख्यात मिमिक्री कलाकार प्रदीप जेलपुरिया का जन्म जिला झज्जर के शहर बहादुरगढ़ में 29 दिसंबर 1983 को दलीप सिंह और कृष्णा देवी के घर में हुआ। उनके पिता एक सरकारी स्कूल में अध्यापक और माता गृहिणी के रूप में परिवार की जिम्मेदारी संभालते रहे हैं। परिवार में भले ही साहित्यिक या सांस्कृतिक माहौल न हो, लेकिन उनकी माता पड़ोसियों की जिस अंदाज में मिमिक्री करती थी, उसका प्रभाव बचपन में ही प्रदीप पर पड़ने लगा। इसी कारण उन्हें बचपन में ही अभिनय जैसी कला में अभिरुचि हो गई थी और वह एक्टरों की मिमिक्री करने लगे। प्रदीप की प्राथमिक शिक्षा सरकारी स्कूल एवं माध्यमिक शिक्षा जवाहर नवोदय विद्यालय रेवाडी से हुई। जबकि बीए दिल्ली विश्वविद्यालय के अंबेडकर कालेज और एमए महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक से उत्तीर्ण की। बकौल प्रदीप जेलपुरिया, वह स्कूली शिक्षा के दौरान नाटकों में मंचन और मिमिक्री करने लगे। जब वह सातवीं कक्षा में थे तो उन्होंने पहली बार अपने प्रिंसिपल की मिमिक्री की, इस पर प्रिंसिपल ने उसे डांटने या पीटने के बजाय इस कला के लिए प्रोत्साहित किया। वह स्कूल के कार्यक्रमों में नाटकों में अभिनय मंचन और मिमिक्री करने लगे। उन्होंने बताया कि एमडीयू में एमए के दौरान पुलिस प्रशिक्षण केंद्र में आयोजित आल इंडिया पुलिस गेम (घुड़सवारी) में उन्होंने बतौर एंकर की भूमिका निभाई। उनकी उपलब्धियों को देखकर ग्रैपलिंग गेम में कल्चरल अफेयर्स का निदेशक बनाया गया, जिसके तहत उन्होंने ग्रैपलिंग गेमों में कई वर्ष एंकरिंग की। इसके अलावा झज्जर बहादुरगढ़, रोहतक, रेवाडी, फरीदाबाद एवं नूहं के गीता महोत्सव में भी एंकरिंग की। एंकरिंग के साथ हरियाणवी संस्कृति को संजोए रखने के लिए मुहिम छेड़ी और हरियाणा रागनी का मंचन भी किया और हरियाणवी गाने '70 का हरियाणा' में भी भूमिका निभाई। गत वर्ष 2024 में विशाखापटनम, राजीव गांधी स्टेडियम दिल्ली, छत्रसाल स्टेडियम दिल्ली एवं तालकटोरा स्टेडियम दिल्ली में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर एंकरिंग एवं हरियाणवी गानों से सबका मन मोहा है। इनका कहना है कि हरियाणवी बोली और संस्कृति का राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नाम रोशन करना उनकी प्राथमिकता है। जीवन में उतार चढ़ाव आते हैं, लेकिन उन्होंने उस हालातों में भी हौसला नहीं खोया, जब कुछ साल पहले पैरालिसिस के कारण उनका चेहरा खराब होने लगा था। उनकी विभिन्न कलाओं का फोकस हरियाणवी संस्कृति और संस्कारों पर रहता है।





## पुरस्कार और सम्मान

अभिनय, गीतों और लेखन के साथ मिमिक्री की कला में विख्यात होते कलाकार प्रदीप जेलपुरिया को कालेज शिक्षा के दौरान दिल्ली यूनिवर्सिटी आंबेडकर कॉलेज से सर्वश्रेष्ठ मिमिक्री अवार्ड से सम्मानित किया गया। उन्हें हरियाणा गौरव पुरस्कार, झज्जर गौरव पुरस्कार के अलावा गृह विभाग के एसीएस विजय वर्धन और जेल महानिदेशक भी पुरस्कार से नवाज चुके हैं। इसके अलावा उन्हें विभिन्न मंचों से अनेक पुरस्कार व सम्मान मिले हैं।

## कैदियों को दे रहे हैं संस्कृति की सीख

कलाकार प्रदीप जेलपुरिया का साल 2003 में जेल विभाग में सिपाही के पद पर चयन हुआ। नौकरी के बावजूद उनकी कलाकारी का जज्बा जीवित रहा। जेल के माहौल में रहकर उन्होंने कविता लिखना शुरू किया और जेल में कैदियों को संस्कृति और संस्कार देने का काम शुरू कर दिया। विभाग ने भी उनकी कला को देखते हुए उनकी ड्यूटी बतौर म्यूजिक इंचार्ज जेल रोहतक में कर दी। फिलहाल उनकी ड्यूटी मेवात जेल में हैं। वह समाज को नई दिशा देने के मकसद से संस्कृति के लिए हरियाणवी में कार्यक्रम भी करते आ रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### कार में तेल डलवाकर फरार हुए दो आरोपी काबू

**सिरसा।** पुलिस ने गांव पनिहारी क्षेत्र में पेट्रोल पंप से कार में तेल डलवाकर फरार हुए दो व्यक्तियों को हुडा चौक सिरसा क्षेत्र से काबू किया है। सदर थाना प्रभारी उपनिरीक्षक संदीप कुमार ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान सरविंदर सिंह पुत्र हरमेल सिंह निवासी राजगढ़ कूबे बठिंडा पंजाब व मनप्रीत सिंह उर्फ मनी पुत्र निर्मल सिंह निवासी देशु मलकाना जिला सिरसा के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि पेट्रोल पंप पर नियुक्त सेल्समैन सुभाष चंद्र निवासी दशमेश पिता फिलिंग स्टेशन पनिहारी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती 11 फरवरी को कार सवार दो अज्ञात युवक आए और कार में तेल डलवाकर फरार हो गए। उन्होंने बताया शिकायत के आधार पर अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई थी।

### 7.17 ग्राम हेरोइन सहित युवक गिरफ्तार

**सिरसा।** एंटी नारकोटिक्स सेल सिरसा पुलिस टीम ने गश्त व चैकिंग के दौरान नागरिक अस्पताल क्षेत्र से एक युवक को 7 ग्राम 17 मिलीग्राम हैरोइन सहित गिरफ्तार किया है। सेल के प्रभारी उप निरीक्षक राजेंद्र कुमार ने बताया कि सेल सिरसा की एक पुलिस टीम गश्त व चैकिंग के दौरान नागरिक अस्पताल सिरसा क्षेत्र में मौजूद थी। इसी दौरान पुलिस पार्टी को सामने से एक युवक आता हुआ दिखाई दिया। उक्त युवक सामने पुलिस की गाड़ी को देखकर अचानक घबरा गया और वहां से फरार होने की कोशिश करने लगा। शक के आधार पर पुलिस पार्टी ने उक्त युवक को काबू कर राजपत्रित अधिकारी की मौजूदगी में तलाशी ली तो उसके कब्जे से 7 ग्राम 17 मिलीग्राम हैरोइन बरामद हुई। आरोपी की पहचान संदीप कुमार पुत्र परशुराम निवासी गुरू तेग बहादुर नगर सिरसा के रुप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना शहर सिरसा में मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्जकर जांच शुरु की गई है।

### एक किलो अफीम सहित तस्कर गिरफ्तार

**सिरसा।** सीआईए सिरसा पुलिस ने गश्त व चैकिंग के दौरान गांव वीरुवालागुढा क्षेत्र से एक युवक को करीब ढाई लाख रुपए की एक किलो 11 ग्राम अफीम के साथ काबू किया है। पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण ने बताया कि सीआईए सिरसा प्रभारी उप निरीक्षक प्रेम कुमार के नेतृत्व में एक पुलिस टीम गश्त व चैकिंग के दौरान बडागुढा थाना क्षेत्र के गांव वीरुवालागुढा की ओर जा रही थी। इसी दौरान पुलिस पार्टी को एक युवक अपने हाथ में काले रंग का प्लास्टिक बैग लिए हुए गांव वीरुवालागुढा की ओर से आता हुआ दिखाई दिया। उक्त युवक सामने पुलिस पार्टी को देखकर अचानक वापस मुडक़र तेज कदमों से चलकर भागने की कोशिश करने लगा। शक के आधार पर युवक की तलाशी ली तो उसके कब्जा से करीब दो लाख 50 हजार रुपए की एक किलो 11 ग्राम अफीम बरामद हुई।

## सांसद सुभाष बराला ने मुख्यातिथि के तौर पर शिरकत कर ज्योत प्रचंड की

# संकट मोचन श्रीबालाजी मंदिर में विशाल जागरण, भजनों पर जमकर थिरके श्रद्धालु

- श्रीबालाजी मेंहदीपुर सालासर सेवा समिति ने किया कार्यक्रम का आयोजन
- कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रेम सिंगला तथा संयोजक की भूमिका राजन सिंगला ने की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हरिभूमि न्यूज

संकट मोचन श्रीबालाजी मंदिर कैंची चौक में श्रीबालाजी मेंहदीपुर सालासर सेवा समिति द्वारा 26वें विशाल जागरण का आयोजन किया गया। कार्यक्रक में मुख्यातिथि के रुप में राज्य सभा सांसद सुभाष बराला ने शिरकत कर मुख्य ज्योत प्रचंड की। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रुप में पूर्व कृषिमंत्री एवं टोहाना के विधायक परमवीर सिंह उपस्थित हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता अर्चित न्यूवुड के चेयरमैन प्रेम सिंगला तथा संयोजक की भूमिका जैन महासभा के उपाध्यक्ष राजन सिंगला ने अदा की। मंदिर के पुजारी घनश्याम शर्मा ने पूजा-अर्चना अदा करवाई। इस अवसर पर डा. सुभाष गुप्ता, विक्रम प्रभाकर, रविंद्र मैहता, सुभाष सैनी, अशोक मैहता, विक्रम गर्ग, रामफल गर्ग, कर्मवीर ठाकुर, ममता ठाकुर आदि अतिथिगण के रुप में उपस्थित थे। समिति सदस्यों सुभाष गोयल, दलबीर सिंह एडवोकेट, जिले शर्मा, शशिभूषण गुप्ता, सुशील गोयल, विनय अग्रवाल, शेरू सैनी, सुभाष सैनी, राजेंद्र सिंगला, बजरंग कुमार आदि ने मुख्यातिथि, विशिष्ट अतिथि एवं अन्य अतिथियों का फूलमालाओं से स्वागत किया। वहीं उन्हें स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। जागरण में मंदिर समिति के सदस्य शेरु सैनी व सुभाष सैनी ने लहर-लहर लहराये रे, झंडा बजरंग बली का भजन प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। वहीं हरियाणवी भजन गायक पवन पिलानिया, सुशीला नागर, हास्य कलाकार झंडू तथा भजन गायक पंकज शर्मा ने देररात्रि तक बालाजी महाराज के भजनों के द्वारा श्रद्धालुओं को आनंदित किया।



टोहाना। जागरण में मुख्यातिथि राज्य सभा सांसद सुभाष बराला को सम्मानित करते हुए आयोजक। फोटो : हरिभूमि

# स्वामी राजेंद्रानंद ने कथा में गो महिमा का किया वर्णन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा




श्री धेनू मानस कथा का भव्य शुभारंभ रविवार को श्री हरिराम गौशाला, बुर्जभंगू में हुआ। इस पावन कथा का वाचन हरिद्वार से आए गौ ऋषि स्वामी राजेंद्रानंद महाराज ने की। प्रथम दिवस की कथा का शुभारंभ गौ माता की वंदना, वेद मंत्रों के उच्चारण और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। स्वामी राजेंद्रानंद महाराज ने कथा का वाचन करते हुए कहा कि गौ माता सनातन संस्कृति का आधार और समस्त जीवों की माता हैं। उनकी सेवा से सभी देवी-देवताओं की कृपा प्राप्त होती है। उन्होंने कहा कि जहां गौ माता की पूजा होती है, वहां सुख-समृद्धि और आध्यात्मिक उन्नति स्वतः ही आ जाती है। उन्होंने बताया कि श्रीमद्भागवत, रामायण, वेद और उपनिषदों में गौ माता की महिमा का विस्तार से वर्णन है। भगवान श्रीकृष्ण ने स्वयं गौसेवा को सर्वोच्च स्थान दिया और गोकुल में गौचारण किया। वेदों में गौ माता को कामधेनु कहा गया है, जो सभी प्रकार की इच्छाओं को पूर्ण करने वाली होती हैं। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति गौ माता को तृण (घास) अर्पित करता है, उसे अनंत पुण्य की प्राप्ति होती है। जो गौ माता की सेवा करता है, उसके कुल में दरिद्रता और कष्ट समाप्त हो जाते हैं। उन्होंने कथा में गौरक्षा और गौसंवर्धन पर विशेष जोर दिया गया। स्वामी जी ने गौ हत्या को महापाप बताते हुए कहा कि जहां गौ माता की हत्या होती है, वहां से सुख, शांति और धर्म का नाश हो जाता है।

# जनशिक्षण संस्थान ने महिला दिवस पर कार्यक्रम का किया आयोजन

- महिला सशक्तीकरण को बढ़ावा देने तथा प्रतिदिन कक्षा में नैतिक शिक्षा देने पर जोर दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

जन शिक्षण संस्थान सिरसा की ओर से लाला हंसराज फुटेला लॉ कॉलेज के सभागार में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया, जिसमें संस्थान के विभिन्न उपकेंद्रों से रिसोर्स पर्सन व स्टूडेंट्स सहित सैकड़ों लोगों ने भाग लिया। संस्थान के निदेशक धर्मपाल गर्ग ने बताया कि कार्यक्रम में जन शिक्षण संस्थान सिरसा के चेयरमैन पंकज शारदा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की, जबकि प्रबंधक समिति सदस्य अंजु गोयल, पूर्व सदस्य डॉक्टर अंजली नारंग, प्रिंसिपल डॉक्टर पूनम मिगलानी ने बतौर विशिष्ट अतिथि शिरकत की। मुख्यातिथि ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। उन्होंने महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने पर बल दिया तथा प्रतिदिन कक्षा में नैतिक शिक्षा देने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि वेदों में भी लिखा है कि नारी पूजनीय है। महिलाओं के बीच मेक अप एवं मॉडलिंग कंपीटिशन करवाया गया जिसमें तान्या ने प्रथम, सकीना ने द्वितीय, वंशिका ने तृतीय तथा तनिशा में सांत्वना स्थान प्राप्त किया। निर्वाचक मंडल की भूमिका, प्रसिद्ध मेक अप आर्टस्टि गुंजन मेहता, नीतू कटारिया तथा तमन्ना सेठी ने बाखूबी निभाई। उपकेंद्रों में प्रशिक्षण ले रही लड़कियों तथा महिलाओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम स्किट, ग्रुप डांस, गिद्दा, नाटक आदि प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर विभिन्न उपकेद्रों से आई महिलाओं द्वारा हस्त निर्मित वस्तुओं की प्रदर्शनी भी लगाई। अतिथियों द्वारा सभी विजेता बच्चों तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संस्थान के कार्यकम अधिकारी पुनीत कुमार सहित सभी कर्मचारी स्टाफ सदस्य उपस्थित थे।




सिरसा। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुति देते हुए छात्राएं।

### आर्यसमाज मंदिर में हुआ मासिक सत्संग

**सिरसा।** आर्यसमाज मंदिर में रविवार को मासिक सत्संग व यज्ञ का आयोजन किया गया। शहर के गणमान्य लोगों ने यज्ञ में आहुतियां देकर एवं सत्संग सुनकर धार्मिक लाभ उठाया। इस कार्यक्रम के मुख्य प्रवक्ता पंजाब से भजनोपदेशक जगत वर्मा थे। उन्होंने प्रभु भक्ति, ऋषि भक्ति और देशभक्ति भजनों के माध्यम से समाज से बुराईयों को दूर करने, परोपकार व देशभक्ति का संदेश दिया। उन्होंने ऋषि भक्ति गीतों के माध्यम से स्वामी दयानंद का संदेश समाज को दिया। कार्यक्रम में मंत्री ओमप्रकाश खर्रा, लेखाकार राजेंद्र चाडीवाल, ओम प्रकाश भजनोपदेशक, चंद्रभान ढोलक वादक, श्योचंद्र बैनीवाल, अमीलाल, नागपाल, रोहताश, रामप्रताप पूनिया, वेदप्रकाश सरदाना, रामलाल, श्यामलाल सरदाना, सुनील, संजीव सैनी, रामकुमार, सुरेश शेरडिय़ा, विजय आर्य, सुभाष वर्मा, शिवम, महेश पारीक, प्रेम देवी आदि मौजूद रहे।

# हर महिला की समानता ही असली महिला दिवस : कविता

- अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस महिलाओं को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

यूनाइट ऑल फाउंडेशन ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर समाज में परचम लहराने वाली महिलाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। अध्यक्ष रमा वर्मा ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का इतिहास बात कर समाज में महिलाओं के अमूल्य योगदान का वर्णन किया।

संस्थापिका कविता शर्मा ने कहा कि समानता ही हर दिन महिला दिवस की सार्थकता है।समाज में उत्कृष्ट योगदान देने वाले लगभग 30 से भी अधिक महिलाओं को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि विश्व विख्यात सितार वादिका रेणुका गंभीर ने निभाई। इस मौके पर सम्मानित महिलाओं में वरिष्ठ सलाहकार कृष्णा गुप्ता, संरक्षिका वीणा गुजराल भंडारी , उपाध्यक्ष इंदु ज्योति भारद्वाज, एडवोकेट दिव्या श्रीवास्तव, विजया कौशिक ,राखी चौहान , उर्मिल तरीखा, कमला सैनी, निर्मला दहिया, स्वाति ढींगरा, अनीता पानू दलाल, स्नेहा शयोकंद ,गीत कथूरिया ,रूबी गोगिया, आशा गुप्ता, दीपिका, आशा गुप्ता, सुमन कुंडू, ललित गोयल, सुचेता,सुशीला शर्मा, पुष्पा गेरा मुख्य रूप से उपस्थित रहे।



सिरसा। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुति देते हुए छात्राएं।

# पुलिस ने अग्रवाल कॉलोनी में चोरी के मामले में दो युवकों को किया गिरफ्तार

- पकडें गए युवकों की पहचान प्रदीप उर्फ कालू व भूरा सिंह उर्फ सोनू पुत्र राम सिंह के रूप में हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

शहर फतेहाबाद पुलिस ने अग्रवाल कालोनी में एक मकान में घुसकर लाखों के गहने व नकदी चोरी करने के मामले में कार्रवाई करते हुए दो युवकों को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। पकड़े गए युवकों की पहचान प्रदीप उर्फ कालू पुत्र काशीराम निवासी ठाकर बस्ती फतेहाबाद हाल भाटिया कालोनी फतेहाबाद व भूरा सिंह उर्फ सोनू पुत्र राम सिंह निवासी यूपी हाल ढाणी मसीतांवाली फतेहाबाद के रूप में हुई है। थाना शहर फतेहाबाद प्रभारी ने बताया कि इस बारे पुलिस ने 23 दिसम्बर 2024 को खैरातीखेड़ा रोड, धान कालोनी निवासी अनिल की शिकायत पर केस दर्ज किया था। शिकायतकर्ता के अनुसार वह अग्रवाल कालोनी स्थित मकान के मेन गेट को ताला लगाकर बच्चों सहित बाजार चला गया था। दोपहर को जब वह वापस घर आया तो उसने देखा कि कमरे में रखी अलमारी और बैड का सारा सामान बिखरा हुआ था। जब उसने सामान की जांच की तो पता चला कि अज्ञात चोर अलमारी में रखी 45 हजार रुपये की नकदी के अलावा बैड में रखा सोने का मंगलसूत्र, कानों की सोने की झुमकी, अंगूठियां सहित 4 तोले सोने के गहने, दो जोड़ी पाजेब व आधा किलो चांदी के सिक्के गायब थे। इस बारे सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई और केस दर्ज कर जांच शुरू की। जांच अधिकारी ने अहम सुराग जुटाते हुए दोनों युवकों को गिरफ्तार कर इनसे पूछताछ शुरू कर दी है।



फतेहाबाद। पुलिस गिरफ्त में चोरी के आरोप में पकड़े गए दोनों युवक।

# बाबा बिहारी नेत्रालय के निःशुल्क नेत्र जांच शिविर में सैकड़ों लोगों ने करवाई जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

जनता भवन रोड स्थित बाबा बिहारी नेत्रालय की ओर से श्री गौशाला में रविवार को सुबह 9 बजे से 2 बजे तक आंखों की जांच का निःशुल्क कैप स्व. सीताराम बागला की याद में बागला परिवार की ओर से जनसेवा में लगाया जाएगा।

गौशाला के प्रधान राजेंद्र रातुसरिया व सचिव प्रेम कंदोई ने संयुक्त रूप से बताया कि इस कैप में प्रसिद्ध नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. नीरू गिजवानी ने अत्याधिक मशीनों द्वारा आए हुए 250 से अधिक मरीजों की आंखों की जांच की। यही नहीं जांच के दौरान ऑप्रेशन के लिए चयनित दर्जनों मरीजों का बाबा बिहारी नेत्रालय में निःशुल्क ऑप्रेशन किया जाएगा। कैप में आने वाले मरीजों को दवाएं व चश्मे भी निःशुल्क दिए गए व आंखों की देखभाल संबंधी उचित परामर्श भी दिया गया। डॉ. नीरू गिजवानी ने कहा कि आंखें परमात्मा की मनुष्य को सबसे अनमोल देन है। समय-समय पर आंखों की संभाल जरूरी है। कोई भी आंखों संबंधी समस्या को हल्के में न लें और तुरंत चिकित्सक से संपर्क करें। बाबा बिहारी नेत्रालय के अध्यक्ष प्रवीण बागला ने कहा कि समाजसेवा की प्रेरणा उन्हें अपने पूर्वजों से विरासत में मिली थी।

इस विरासत रूपी प्रेरणा को भी अनवरत जारी रखेंगे। इस मौके पर गौशाला के प्रधान राजेंद्र रातुसरिया, प्रेम कंदोई, अतुल हिसारिया, राजकुमार साहेवाला, प्रवीन बागला, विक्रांत गुप्ता, विकास गर्ग, सुशील बागला, गुरदीप सैनी, सुभाष वर्मा, रतन सिंह दुरेजा सहित अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित थे।



सिरसा। शिविर में एक व्यक्ति की आंखें चेक करती चिकित्सक। फोटो : हरिभूमि

### हर छात्र अपने जीवन में एक पौधा जरूर लगाए

**नारनौंद।** राजकीय महाविद्यालय नारनौंद मे एनएसएस इकाई की ओर से सात दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के अंतिम दिन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पंकज गोयत ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इस दौरान उन्होंने स्वयंसेवकों को दैनिक जीवन में योग के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि योग करने से शरीर निरोग रहता है और काफी बीमारियां अपने आप ही ठीक हो जाती हैं। इसलिए हमें हर रोज योग करना चाहिए। छात्रों को आगे बढ़ने के लिए अपना लक्ष्य निर्धारित करना होगा।

### श्याम फाल्गुन महोत्सव में झूमे श्रद्धालु

**बरवाला।** सांवरिया मित्र मंडल के तत्वावधान में श्री नव ज्योति दुर्गा मंदिर के प्रांगण में महफिल मेरे श्याम की श्याम फाल्गुन महोत्सव मनाया गया। युवा समाजसेवी मनोज अनेजा और एडवोकेट सचिन मेहता ने बताया कि इस श्याम फाल्गुन महोत्सव में ज्योत प्रज्वलित भाजपा मंडल अध्यक्ष मनोज उर्फ मोनू संदूजा ने की और गणेश पूजन युवा समाजसेवी भरत असीजा ने किया तथा मुख्य अतिथि के रूप में युवा भाजपा नेता राहुल चोपड़ा और समाजसेवी मान सिंह सैनी मौजूद रहे।




फतेहाबाद। कार्यक्रम में भाग लेते विद्यार्थी व अतिथिगण। फोटो : हरिभूमि

# पीएम श्री राजकीय विद्यालय धांगड़ में वन विभाग ने लगाया जागरुकता कैंप

- कार्यक्रम में 107 बच्चों ने भाग लिया व छात्रों को प्रचार सामग्री भी वितरित की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

हरियाणा वन विभाग की टीम प्रचार एवं प्रशिक्षण विंग हिसार द्वारा गांव धांगड़ स्थित पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में प्रकृति शिक्षा भ्रमण एवं जागरुकता अभियान कैम्प का आयोजन किया गया। इस कैम्प में विद्यालय के 107 बच्चों ने भाग लिया।

वन विभाग से आए वन राजिक अधिकारी विशाल फोगाट, दीपक कुमार वन दरोगा, राजबीर सिंह वन रक्षक व अन्य अधिकारियों ने छात्रों को पर्यावरण के बारे में विस्तार से जानकारी दी और छात्रों को प्रचार सामग्री भी वितरित की गई। इस मौके पर बच्चों को प्रस्नोत व ड्राइंग चार्ट मेकिंग प्रतियोगिताओं में भाग लेने क अवसर प्रदान किया जिसमे छात्रों को प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने पर ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। स्कूल की प्राचार्या शारदा विश्नोई को अधिकारियों का स्वागत करते हुए उन्हें सम्मानित किया गया। उसके बाद बच्चों व समस्त स्टाफ को दोपहर का भोजन करवाया गया।

**कार्यक्रम** | अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर जनसंगठनों ने कार्यक्रम का किया आयोजन

# महिलाओं को सामाजिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक और आर्थिक रूप से मजबूत बनाना होगा : सत्या विद्यार्थी

- संचालन जनवादी महिला समिति फतेहाबाद की अध्यक्ष सुनीता जांडली ने किया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस महिलाओं का सबसे बड़ा त्योहार है और इस दिन को हमें गरिमापूर्ण जीवन जीने का संकल्प लेना चाहिए। यह बात एडवोकेट सत्या विद्यार्थी ने शहीद ऊधम सिंह भवन में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर रविवार को 'महिलाओं का गरिमापूर्ण जीवन और मौजूदा दौर की चुनौती' विषय पर आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता जसवंत कौर, जगीर कौर और गगनदीप कौर ने संयुक्त रूप से की तथा संचालन जनवादी महिला समिति फतेहाबाद की अध्यक्ष सुनीता जांडली ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एडवोकेट सत्या विद्यार्थी ने इस दिन देश के कोने-कोने में महिलाओं के सामने मुंह बाए खड़ी चुनौतियों से लडऩे का संकल्प मजबूत किया जाता है। इस दिन सत्ता पक्ष के लोग महिलाओं के लिए अनेक सौगातें देने के दावे पेश करते हैं और खुद को उनका हितैषी बताते हैं, लेकिन पूरे साल देश में हो रहे महिला उत्पीडऩ को अनदेखा करते हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में महिलाओं की स्थिति में गिरावट ही दर्ज हो रही है। सामाजिक असुरक्षा, बेरोजगारी, घरेलू हिंसा और महिलाओं की गरिमा पर हमले बढ़ रहे हैं। आज हर क्षेत्र में महिलाएं आगे आई हैं। हर वर्ष के परीक्षा परिणाम बताते हैं कि लड़कियां कैसे शिक्षा के क्षेत्र में अपने आप को अग्रिम पंक्ति में दर्ज करा रही हैं। हवाई जहाज चलाने से लेकर अंतरिक्ष में भी उन्होंने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है, लेकिन इन सबके बावजूद भी महिलाओं की स्थिति बहुत बेहतर नहीं हो पाई है। हमारे पितृ सत्तात्मक ढांचे के परिवारों में भी महिलाओं का भावनात्मक और शारीरिक शोषण मौजूद है। महिलाओं के अधिकारों का हनन होने की घटनाएं बढ़ी हैं। हमारे घर-परिवारों और समाज की तमाम संस्थाओं में आज भी महिला और पुरुषों के लिए अनेक तरह के अलग-अलग नियम लागू होते हैं।




फतेहाबाद। कार्यक्रम को संबोधित करते वक्तागण। फोटो : हरिभूमि

### महिलाएं कुप्रथाओं का हो रही शिकार

*हरियाणा में भी महिलाओं की स्थिति अच्छी नहीं है। यहां महिलाएं छेड़खानी, बलात्कार, घरेलू हिंसा, दहेज-उत्पीडऩ और पर्दा करने जैसी अनुचित प्रथा का आज तक शिकार हैं। ऐसे में जरूरत है कि हम महिलाओं के योगदान को स्वीकार करें और उनके अधिकारों के लिए वातारण बनाएं। कोई भी समाज महिलाओं के विकास के बिना विकसित समाज नहीं बन सकता। अगर हम चाहते हैं कि हमारा देश एक प्रगतिशील और विकसित राष्ट्र बने तो उसके लिए जरूरी है कि महिलाओं को समान नागरिक होने के अवसर व्यवहार में प्राप्त हों और हर क्षेत्र में उनको बराबर के नागरिक होने के अधिकार मिलें जिनसे वे अभी तक वंचित हैं। हमें सामाजिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक और आर्थिक रूप से महिलाओं को और ज्यादा मजबूत बनाना होगा। कार्यक्रम को अनीता क्रांति, एडवोकेट अंकिता पदम, सुनीता रानी भूना, सुरेश पूनिया, इन्दू बाला सहित अनेक महिलाओं ने सम्बोधित किया।*

## खबर संक्षेप



गोल्ड मेडल के साथ विनोद कुमार।

### डीपीई विनोद कुमार ने योगा में जीता गोल्ड

**सिरसा।** चंडीगढ़ में 5 मार्च से 8 मार्च तक आयोजित ऑल इंडिया सिविल सर्विसेज योगासना चैंपियनशिप-2025 में गांव ताजियाखेड़ा के जीएमएस स्कूल में कार्यरत डीपीई विनोद कुमार ने अंडर-40-50 वर्ग में गोल्ड मेडल जीतकर सिरसा जिले का नाम रोशन किया है। डीपीई की इस शानदार सफलता पर शिक्षा विभाग के तमाम अधिकारियों ने भी उन्हें बधाई दी। विनोद कुमार ने बताया कि वर्ष 2023-24 में सिविल सर्विसेज चैंपियनशिप शुरू हुई थी, जोकि दिल्ली के प्रयागराज स्टेडियम में हुई, जहां उन्होंने गोल्ड मेडल जीता था और इस बार भी अपनी मेहनत से गोल्ड मेडल जीतने में सफल रहा।

### भगत धन्नाजी जयंती समारोह को हुई बैठक

**सिरसा।** भगत धन्नाजी ट्रस्ट की बैठक जाट धर्मशाला में प्रधान अमरीक सिंह राही की अध्यक्षता में हुई। इस दौरान सिरसा बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष एडवोकेट गंगाराम ढाका को बधाई प्रेषित की गई। इसके अलावा पंजाब के फिरोजपुर जिले के गांव कमाला बोदला में 13 मार्च को भगत धन्नाजी गुरुद्वारा में आयोजित होने वाले वार्षिक मेले में ट्रस्ट के प्रतिनिधिमंडल के जाने को लेकर सहमति जताई गई। भगत धन्नाजी ट्रस्ट के बैनर तले भगत धन्नाजी जयंती मनाने के लिए कमेटी का गठन किया गया।

### लूटपाट मामले में तीसरा आरोपी काबू

**फतेहाबाद।** गांव रतनगढ़ में एक दुकानदार से मारपीट कर लूटपाट का प्रयास करने के मामले में कार्रवाई करते हुए रतिया पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। पकड़े गए युवक की पहचान प्रेम कुमार पुत्र तेजा राम निवासी बरेटा जिला मानसा के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के पास से वारदात में प्रयोग किए गए मोटरसाइकिल को बरामद कर लिया है। आरोपी को माननीय अदालत में पेश कर हिसार जेल भेजा गया है।

### भगवान जगन्नाथ की महिमा का किया बखान

**ओढां।** आईटीआई रोड ओढ़ां में साधकों द्वारा एक दिवसीय दुर्लभ सत्संग का आयोजन नित्यानंद गिरी महाराज कैलाश आश्रम ऋषिकेश के सानिध्य किया गया। नित्यानंद गिरी महाराज ने कहा कि भगवान जगन्नाथ के परम भक्त बंधु मोहंती उड़ीसा के एक गांव में रहते थे। वे बहुत गरीब थे और केवल भिक्षा मांग कर अपना व परिवार का पोषण करते थे। वे नित्य सत्संग में जाया करते थे और उनका एक मात्र उदेश्य भगवद प्राप्ति करना था। उन्होंने कहा कि भगवान की महिमा अपरमपार है।

### अफसरों व जनप्रतिनिधियों में मतभेद

# नगरपरिषद में एक भी विकास कार्य सिरे नहीं चढ़ा, नाराजगी

**दशकों से सुधार का इंतजार कर रही चिल्ली झील प्रोजेक्ट की स्थिति आज भी जस की तस**

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद




नगरपरिषद की चुनी हुई सरकार और अधिकारियों के बीच आपसी इगो-क्लेश के चलते अढ़ाई साल से फतेहाबाद में एक भी विकास कार्य सिरे नहीं चढ़ सका। यहां तक कि फतेहाबाद में दशकों से अपने सुधार का इंतजार कर रही चिल्ली झील प्रोजेक्ट की स्थिति आज भी जसकी तस है। इसके साथ बहुप्रतीक्षित साइकलिंग ट्रेक व कम्युनिटी सैंटर के भी टेंडर नहीं हो पाए। बता दें कि 14 नवंबर 2024 को नगरपरिषद हाऊस की बैठक में पार्षदों से विकास कार्यों के एजेंडे लिए गए थे। उन एजेंडों को वित्तीय कमेटी से पास करवाकर टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी गई थी लेकिन प्रधान-उपप्रधान की आपसी खींचतान व अधिकारियों के 'स्वाद' लेने के रवैये के चलते यह टेंडर अधर में लटक गए। एक महीना पूर्व नगरपरिषद प्रधान राजेन्द्र खिंची व पार्षदों ने डीएमसी संजय बिश्नोई के साथ बैठक कर 42 कामों के टेंडर लगाने की अप्रूवल ले ली। इसके बावजूद नगरपरिषद अभी तक इनके टेंडर नहीं लगा पाई है। इसी को लेकर दो दिन पूर्व पार्षद मोहन लाल नारंग के नेतृत्व में 17 पार्षदों ने एकजुट होकर नगरपरिषद में बैठक की। बैठक में पार्षदों ने कहा कि नगरपरिषद के अधिकारी थर्ड पार्टी से उनके काम रिजेक्ट करवा देते हैं। पार्षदों ने कहा कि छोटे-मोटे काम के टेंडर लगा दिए जाते हैं लेकिन किसी एक भी बड़े प्रोजेक्ट के टेंडर नहीं लगाए गए। हालांकि चिल्ली झील के सौंदर्यकरण, साइकलिंग ट्रेक व कम्युनिटी सैंटर को प्रधान व डीएमसी अपनी स्वीकृति दे चुके हैं। डीएमसी को मिलने गए प्रधान राजेन्द्र खिंची व पार्षदों के सामने ही 40 करोड़ रुपये के कामों की स्वीकृति दे दी गई लेकिन नगरपरिषद ने बीते दिनों टेंडर लगाएं तो यह तीनों बड़े प्रोजेक्ट उसमें नहीं थे। अब पार्षदों ने 11 मार्च की परिषद की बजट बैठक का बहिष्कार का ऐलान किया है।

**विकास कार्यों का एस्टीमेंट बनाकर भेज रहे**

पार्षदों ने कहा कि नगरपरिषद के जेई गलियों के विकास कार्यों के एस्टीमेट बनाकर अधिकारियों को भेज रहे हैं। अधिकारी उसकी मंजूरी भी दे रहे हैं लेकिन नप की थर्ड पार्टी मौके पर जाकर गलियों को रिजेक्ट कर रही है। इससे नगरपरिषद के अधिकारियों की कार्यशैली पर सवाल उठ रहे हैं। दरअसल पार्षदों द्वारा रिकमेंड किए गए कामों को थर्ड पार्टी गलत साबित कर देती है। पार्षदों ने डीएमसी संजय बिश्नोई को पत्र लिखकर थर्ड पार्टी को हटाने की मांग की है। बता दें कि नगरपरिषद के पास इस समय 70 करोड़ रुपये की राशि बैंकों में पड़ी है। 31 मार्च तक यह बजट विकास कार्यों पर नहीं लगा तो सरकार इसे लैप्स कर सकती है।

## बाबा राणाधीर मंदिर में लगा कैंप

- सिख वेलफेयर सोसायटी लंदन यूके के तत्वावधान में मेडिकल कैंप लगाया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ भूना।



**भूना।** बाबा राणाधीर मंदिर प्रांगण में मेडिकल कैंप मरीज की जांच करती डॉ. निधि जैन।

बाबा राणाधीर मंदिर के प्रांगण में रविवार को सिख वेलफेयर सोसायटी लंदन यूके के तत्वावधान में मेडिकल कैंप लगाया गया। शिविर का शुभारंभ सोसायटी के चेयरमैन बूटा सिंह और सतनाम सिंह ने किया। अध्यक्षता बाबा राणाधीर कमेटी के सचिव अनिल सोनी ने की।

मंच संचालन सोसायटी के प्रवक्ता हरविंदर बागड़ी ने किया। कैंप में आंखों के डॉक्टर मनविंदर सिंह जैन टोहाना, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. संजय अरोड़ा हिसार, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. निधि जैन और डॉ. किरनजीत कौर निज्जर यूके, चमड़ी रोग विशेषज्ञ डॉ. रमा बंसल फतेहाबाद, बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. सतीश बंसल फतेहाबाद, नाक-कान-गला रोग विशेषज्ञ गोल्ड मेडलिस्ट डॉ. सचिन जिंदल हिसार और दांतों के डॉ. दीपक बंसल व पुनीत बंसल भूना ने सेवाएं दी।

## श्याम बाबा के भजनों पर झूमे

- गुरुकृपा मंडल द्वारा होली उत्सव पर कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** लाजपत नगर में भजन कार्यक्रम में भाग लेते श्रद्धालु। *फोटो: हरिभूमि*

गुरुकृपा मंडल द्वारा होली उत्सव को लेकर आयोजित किए जा रहे सत्संग की कड़ी में रविवार का सत्संग डीएसपी रोड, लाजपत नगर में बड़ी धूमधाम से मनाया गया। सरदाना परिवार ने ज्योति प्रचंड करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उसके बाद भारत टुटेजा ने गणेश वंदना, गुरु वंदना के साथ कार्यक्रम की शुरूआत की। ममता तनेजा ने 'राम से बड़ा राम का नाम' भजन के साथ राम राम की महिमा का गुणगान किया। उसके बाद श्याम प्रेमी सुनील मदान ने श्याम बाबा के भजनों का गुणगान किया और रसमयी माहौल बना दिया। उसके बाद टी सीरिज कलाकार भारत टुटेजा ने बांके बिहारी से मेरी यारी, आएगा वो आएगा नीले चड सावरा आएगा, भैया श्याम नाम की कृपा, मस्तो की मस्ती बरसाना मेरा गांव है, तू कृपा कर बाबा आदि सुंदर सुंदर भजनों से सभी को नाचने पर मजबूर कर दिया। बाबा श्याम का दरबार देखने योग्य था।

## अहरवां में होला मोहल्ला पर समागम

- गुरुद्वारा कलगीधर पातशाही दसवीं में धार्मिक आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रतिया



**रतिया।** अहरवां में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित संगत। *फोटो: हरिभूमि*

39वां वार्षिक जोड़ मेला एवं होला मौहल्ला समागम पर गुरुद्वारा कलगीधर पातशाही दसवी अहरवां में धार्मिक समारोह आयोजित किया गया। इस मौके पर आज श्री अखंड पाठ साहिब का भोग डाला गया। इसके पश्चात पंथ प्रसिद्ध ढाडी जत्था भाई गुरप्रताप सिंह पदम ने गुरु इतिहास से संगत को जोडक़र निहाल किया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक सिख को धर्म की मर्यादा का पालन करना चाहिए। हमें अपने धर्म की मर्यादा में रहना चाहिए। हमें भी अपने गुरुओं के जीवन से सीख लेकर मानव सेवा के लिए कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि मनुष्य को मानव जीवन धन-दौलत जमा करने के लिए नहीं बल्कि धर्म की रक्षा तथा वाहेगुरु के नाम का जाप करने के लिए मिला है। हमें प्रतिदिन गुरुवाणी का जाप कर अपने जीवन को सफल बनाना चाहिए। उन्होंने चिंता प्रकट करते हुए कहा कि आज की युवा पीढ़ी रास्ते से भटक गई। उन्होंने कहा कि सामाजिक बुराइयों से दूर रहते हुए संगत का मार्गदर्शन किया।

## हर क्षेत्र में अपना लोहा मनवा रही महिलाएं

- अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर संगोष्ठी व रक्तदान शिविर लगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा




**सिरसा।** कार्यक्रम में महिलाओं को संबोधित करते हुए विमला सिंवर।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर दि सिरसा केंद्रीय सहकारी बैंक सिरसा में और गांव नहराणा में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया जिसमें मुख्यातिथि समाजसेवी विमला सिंवर ने शिरकत की। महिलाओं को संबोधित करते हुए विमला सिंवर ने कहा कि महिलाएं अब चूल्हे-चौके तक ही सीमित नहीं रही हैं।

आज की महिला शिक्षित व जागरूक है और वे हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही है। उन्होंने कहा कि पुराने समय में महिला को अबला की संज्ञा दी जाती थी, लेकिन आज की नारी अबला नहीं, सबला बन चुकी है। हर क्षेत्र में महिला अपनी नेतृत्व क्षमता से नित नए मुकाम हासिल कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार भी महिलाओं के उत्थान के लिए भरसक प्रयास कर रही है और अनेक कल्याणकारी योजनाएं चलाकर महिलाओं को स्वावलंबी बनाने की दिशा में लगातार कदम उठा रही है।

नहराणा गांव में रक्तदान शिविर के मौके पर विमला सिंवर ने महिलाओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि महिलाओं में रक्तदान को लेकर कई तरह की भ्रांतियां हैं, लेकिन ये पुराने जमाने की बात है। आज की नारी सशक्त व पूर्णतः स्वस्थ है और रक्तदान के क्षेत्र में भी अपनी अलग पहचान बना रही है। विमला सिंवर ने सभी रक्तदानियों को स्मृति चिह्न व मेडल देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष हनुमान कुंडू, भाजपा के मंडल अध्यक्ष रोहताश पलथानिया, पैक्स समिति के अध्यक्ष आतिश लखराम आदि मौजूद थे।

## 'इजहार-2025' कला प्रदर्शनी का आयोजन

- एमएम कॉलेज में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद




**फतेहाबाद।** एमएम कॉलेज में आयोजित 'इजहार-2025' कला प्रदर्शनी।

मनोहर मैमोरियल कॉलेज में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में वूमैन सैल, पर्यावरण विभाग, होम साईंस विभाग व फैशन डिजाइनिंग विभाग के संयुक्त तत्वाधान में 'इजहार-2025' कला प्रदर्शनी का आयोजन धूमधाम से किया गया। प्रदर्शनी में विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न प्रकार की स्टाल लगाकर अपनी कला का प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम का संचालन वूमैन सैल व यूथ रेडक्रॉस इंचार्ज डॉ. मीनाक्षी कोहली द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के तौर पर रजनी गुप्ता व तरन कोहली पहुंचे। कॉलेज प्राचार्य डॉ. गुरचरण दास ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया। कला प्रदर्शनी में विद्यार्थियों द्वारा कढ़ाई, पेन्टिंग, बैग, कपड़े की थैलियां, बेस्ट आऊट ऑफ वेस्ट, आर्टिफिशियल ज्वैलरी, रेसिन आर्ट सहित विभिन्न तरह की वस्तुएं प्रदर्शित की। अतिथियों व महाविद्यालय स्टाफ ने छात्राओं द्वारा लगाई गई स्टालों का निरीक्षण किया और उनकी कला की सराहना करते हुए सुनहरी भविष्य की शुभकामनाएं दी। छात्राओं को संबोधित करते हुए मुख्यअतिथि रजनी गुप्ता व तरन कोहली ने कहा कि आज महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पुरूषों से पीछे नहीं है।

हर क्षेत्र में महिलाओं ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। उन्होंने कहा कि महिला दिवस मनाने का मतलब महिलाओं द्वारा अपनी शक्ति को पहचानना व महिलाओं को सम्मान देना है। उन्होंने कहा कि हर महिला को खुद पर विश्वास होना चाहिए, तभी वह कुछ बड़ा कर सकती है। सशक्त महिला वह है जो खुद के फैसले लेने में सक्षम है। डॉ. मीनाक्षी कोहली ने प्रदर्शनी में भाग लेने वाली छात्राओं को बधाई दी। इस अवसर पर कॉलेज के समस्त स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

## शिविर में 250 का स्वास्थ्य जांचा

- अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस में शिव नंदीशाला में लगा शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ टोहाना



**टोहाना।** स्वास्थ्य शिविर में डा. संचिता मेहता को सम्मानित करते हुए प्रधान अनिता मेहता व सदस्याएं। *फोटो: हरिभूमि*

महिला समाज सेवा समिति द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर शिव नंदीशाला में एक स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में डॉ. शिव सचदेवा, आरएमसी अस्पताल की शिशु रोग विशेषज्ञा डॉ. मंजू गुप्ता, नेत्र रोग विशेषज्ञा डॉ. संचिता मेहता ने अपनी सेवाएं प्रदान की। इस शिविर में 250 रोगियों के स्वास्थ्य की जांच की गई तथा उन्हें निशुल्क दवाईयां भी प्रदान की गई।

इस परमार्थ कार्य में महिला समाज सेवा समिति की सभी सदस्याओं के साथ-साथ नंदी शाला के सभी सदस्यों ने भी अपनी सेवाएं प्रदान की, जिसमें धर्मपाल सैनी, प्रबंधक रामकुमार, अनिता मैहता, स्वीटी मेहता, सीमा सरना, कृष्णा भाटिया, सुष्मा भाटिया, राज ग्रोवर, बेला बोहरा, मंजू पाहवा सहित सदस्याएं उपस्थित रही। समिति प्रधान अनिता मैहता ने बताया कि यह उनका एक शक्तिशाली प्रयास है जोकि समाज को सशक्त और स्वस्थ बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। समय-समय पर समिति की सदस्याएं समाज सेवा के कार्यो में हमेशा अग्रणी रहती है।

## शिविर में 51 महिलाओं का जांचा स्वास्थ्य

**रानियां।** भारत विकास परिषद शाखा रानियां द्वारा संचालित फिजियोथेरेपी केंद्र में महिलाओं के लिए जांच शिविर लगाया गया जिसमें डॉ. बिंदु शर्मा ने 51 महिलाओं की जांच की तथा उन्हें निशुल्क दवाइयां भी दी। शिविर का शुभारंभ भाजपा रानियां मंडल की अध्यक्ष सरोज बाला ने किया। सरोज बाला ने कहा कि स्त्री रोगों की जांच का कैंप लगाकर भारत विकास परिषद रानियां ने स्वस्थ भारत की कामना की है क्योंकि अगर घर में, घर को चलाने वाले स्त्री स्वस्थ होगी तो पूरा घर स्वस्थ होगा। अगर घर में स्त्री बीमार हो जाती है तो घर का खाना बनाने वाला कोई नहीं होता घर, घर नहीं लगता। इस मौके पर शाखा के संरक्षक सुरेश सिंगला, शाखा अध्यक्ष जोगेंद्र मेहता, नगर पार्षद पवन कालड़ा, डॉ. मदन वर्मा, आसानंद कालड़ा, प्रदीप गाबा, मंगत गोयल, डॉ. सोढ़ी, कर्म सिंह रामपुर थेड़ी, लवली मेहता, मंगत राम क्वात्रा व सुभाष खंडेलवाल उपस्थित रहे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 8814999173, 9253681005

## दो युवतियां सहित तीन लोग लापता, केस

**फतेहाबाद।** जिले में अलग-अलग जगहों से दो युवतियों सहित तीन लोगों के लापता होने का समाचार है। तीनों मामलों में परिजनों द्वारा पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई गई है। पुलिस को दी शिकायत में सूर्य इन्क्लेव फतेहाबाद निवासी अमन कुमार ने कहा है कि उसका पिता अशोक कुमार गत दिवस बिना घर पर बताए कहीं चले गए हैं और उसके बाद वापस घर नहीं लौटे है। उन्होंने काफी जगह उनकी तलाश की लेकिन जब कुछ पता नहीं चला तो उसने इस बारे पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई। इस मामले में शहर फतेहाबाद पुलिस ने केस दर्ज कर लापता व्यक्ति की तलाश शुरू कर दी है। दूसरे मामले में सदर टोहाना पुलिस ने गांव धारसूल कलां निवासी एक व्यक्ति की शिकायत पर उसकी नाबालिग लडकी के लापता होने बारे केस दर्ज किया है।

### शांतिपुरी जी महाराज ने श्रद्धालुओं को किया निहाल

# भक्त प्रहलाद ने कभी धर्म का मार्ग नहीं छोड़ा

- भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं का वर्णन किया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ भूना



**भूना।** श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में प्रवचन देती शांति पुरी महाराज।

बाबा हरनाम गिरी डेरा ढाणी गोपाल में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के तीसरे दिन भक्त प्रहलाद प्रसंग सुनाया गया। कथा व्यास शांति पुरी जी महाराज ने बताया कि भक्त प्रहलाद ने माता कयाधु के गर्भ में ही नारायण नाम का मंत्र सुना था। इसी से उनके कई कष्ट दूर हो गए थे। कथा की शुरुआत गुरु वंदना से हुई। इसके बाद भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं का वर्णन किया गया। उन्होंने कहा कि बच्चों को बचपन में धर्म का ज्ञान दिया जाए तो वे जीवनभर उसे याद रखते हैं। माता-पिता की सेवा, प्रेम और समाज में रहने की प्रेरणा ही धर्म का मूल है। अच्छे संस्कारों के कारण ही ध्रुव जी को पांच वर्ष की उम्र में भगवान के दर्शन हुए। उन्हें 36 हजार वर्ष तक राज्य भोगने का वरदान भी मिला था। ऐसी कई मिसालें हैं, जिनसे सीख लेनी चाहिए। हमेशा धर्म के मार्ग पर चलना चाहिए।

**तीसरे दिन ये रहे यजमान**

तीसरे दिन के यजमान अशोक कुमार कड़वासरा और संजय कुमार रहे। इस अवसर पर सरपंच रेशमा गोदारा, समाजसेवी चौधरी बलबीर सिंह गोदारा, नंबरदार जगदीश चंद्र फगेडिय़ा, सरपंच प्रतिनिधि रामकुमार गोदारा, रामकुमार शर्मा, सुरेंद्र खिचड़, बलवान फौजी, सुभाष गोदारा, सुरेश फौजी, अशोक फुलभाटी, राजेश गोदारा, अशोक कड़वासरा, शंकरलाल, रामफल मनियार, दयानंद, राजबीर फौजी, शेर सिंह गोदारा, विनोद कुमार, श्रवण बिडासरा, जयवीर कसवा, हवा सिंह सिहाग, सुभाष कड़वासरा, सुरेश मेट, गुरमीत सिंह, संजय सिहाग, रामनाथ बिडासरा, पवन फगेडिय़ा, रामकुमार नाई, मास्टर सीताराम, उमेश जांगड़ा, होशियार मीठारवाल, पतराम, रामसिंह गोदारा, चांदी राम, रामप्रसाद फौजी, प्रेम शर्मा, बलवंत बिडासरा, गोविंद शर्मा, रोहताश शर्मा, प्रदीप फगेडिय़ा, अंकित कुमार, अक्षय कुमार व अन्य मौजूद रहे।